दिनांक 25.05.2025 समय: 2.10PM

# आकाशवाणी भोपाल
## दोपहर समाचार

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि आप्रेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्री बलों के साहस की प्रशंसा की।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि भारतीय सैनिकों ने भारत में बने हथियारों, उपकरणों और प्रौद्योगिकी के साथ अदम्य साहस दिखाते हुए आतंकी ठिकाने नष्ट किए। उन्होंने कहा कि इस दौरान आत्म निर्भर भारत का संकल्प भी दोहराया गया। श्री मोदी ने इस विजय का श्रेय इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के बाद देशभर में वोकल फॉर लोकल के प्रति नया उत्साह देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्ता व्यक्त की कि माता-पिता ने अपने बच्चों के लिए केवल भारत में बने खिलौने ही खरीदने का संकल्प लिया है।

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए)-शासन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। यह बैठक एक दिवसीय विचार-विमर्श सत्र है। इसमें सुशासन व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस बैठक में भाग ले रहे हैं।

इस बैठक में सभी 20 एनडीए शासित सरकारों के 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों शामिल होंगे। यह बैठक भाजपा के गुड गवर्नेंस विभाग द्वारा आयोजित की गई है। इसमें दो प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। पहले प्रस्ताव में भारतीय रक्षा बलों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बधाई दी जाएगी और दूसरे प्रस्ताव में केंद्र सरकार को आगामी जनगणना के दौरान जाति गणना कराने के निर्णय पर बधाई दी जाएगी।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में अमरीका गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने इस बात का उल्लेख किया है कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद किस तरह से पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों, मुख्यालयों और लॉन्चपैड्स पर सटीक और संतुलित कार्रवाई की गयी। न्यूयॉर्क में वाणिज्य दूतावास में बातचीत के दौरान श्री थरूर ने कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध नहीं चाहता बल्कि इसके बदले वह 21वीं सदी के विश्वा के लिए अपनी अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने और लोगों का जीवन स्त्र सुधारने को प्राथमिकता देगा।

जबकि पाकिस्ता न भारत के नियंत्रण वाले क्षेत्र पर कब्जा करना चाहता है और आतंकवाद के जरिए किसी भी कीमत पर इसे हासिल करना चाहता है, जोकि पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अमरीका में 11 सितंबर को हुए आतंकी हमले के स्मारक पर भी गया और वैश्विक समुदाय से आतंकवाद के खतरे के खिलाफ एकजुट रहने और पूरी ताकत के साथ खड़े रहने का आह्वान किया। अमरीका के बाद प्रतिनिधिमंडल गुयाना, पनामा, ब्राजील और कोलंबिया भी जायेगा।

बोस जयंती-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान स्वतंत्रता सेनानी श्रद्धेय रास बिहारी बोस जी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर श्री बोस के बलिदान और देशभक्ति को नमन करते हुए कहा कि मातृभूमि की स्वतंत्रता की अलख जगाने से लेकर आज़ाद हिंद फौज की स्थापना तक उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन मां भारती के चरणों में अर्पित कर दिया। वे अनंतकाल तक युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्री बोस का योगदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल टी20 क्रिकेट में, गुजरात टाइटंस आज दोपहर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगा। मैच शाम साढे तीन बजे शुरू होगा। यह मैच टाइटंस के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जीत से उन्हें प्वाइंट टेबल में टॉप 2 में स्थान मिलेगा। वहीं, चेन्नई के लिए यह गर्व का विषय है, क्योंकि वर्तमान में वे निचले स्थान पर हैं।

दिन के दूसरे मैच में, सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में रात साढे सात बजे होगा।

समाचार संक्षेप में .....

ऽ उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल नरसिंहपुर जिले में कृषि उद्योग समागम कार्यक्रम में 115.96 करोड़ रुपये की लागत के 86 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।

ऽ जबलपुर हाईकोर्ट ने एक अहम सुनवाई करते हुए कहा है कि रेप पीड़िता नाबालिग बच्चे को जन्म दे सकती है। हाईकोर्ट ने सरकार को दुष्कर्म से जन्मे बच्चों के लिए भोजन, शिक्षा, सुरक्षा पर पॉलिसी बनाने निर्देश दिए हैं।

ऽ नर्मदापुरम जिले की पिपरिया में मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सागर और वंदे मातरम यूथ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 200 मरीजों की निःशुल्क जांच की।

..................

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि आप्रेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ाई में नए उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्री बलों के साहस की प्रशंसा की।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि भारतीय सैनिकों ने भारत में बने हथियारों, उपकरणों और प्रौद्योगिकी के साथ अदम्य साहस दिखाते हुए आतंकी ठिकाने नष्ट किए। उन्होंने कहा कि इस दौरान आत्म निर्भर भारत का संकल्प भी दोहराया गया। श्री मोदी ने इस विजय का श्रेय इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के बाद देशभर में वोकल फॉर लोकल के प्रति नया उत्साह देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्न्ता व्यक्त की कि माता–पिता ने अपने बच्चों के लिए केवल भारत में बने खिलौने ही खरीदने का संकल्प लिया है।

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए)–शासन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। यह बैठक एक दिवसीय विचार–विमर्श सत्र है1 इसमें सुशासन व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इस बैठक में भाग ले रहे हैं।

इस बैठक में सभी 20 एनडीए शासित सरकारों के 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों शामिल होंगे। यह बैठक भाजपा के गुड गवर्नेंस विभाग द्वारा आयोजित की गई है। इसमें दो प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। पहले प्रस्ताव में भारतीय रक्षा बलों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए बधाई दी जाएगी और दूसरे प्रस्ताव में केंद्र सरकार को आगामी जनगणना के दौरान जाति गणना कराने के निर्णय पर बधाई दी जाएगी।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में अमरीका गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने इस बात का उल्लेख किया है कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद किस तरह से पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों, मुख्यालयों और लॉन्चपैड्स पर सटीक और संतुलित कार्रवाई की गयी। न्यूयॉर्क में वाणिज्य दूतावास में बातचीत के दौरान श्री थरूर ने कहा कि भारत पाकिस्तान के साथ युद्ध नहीं चाहता बल्कि इसके बदले वह 21वीं सदी के विश्वा के लिए अपनी अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने और लोगों का जीवन स्त्र सुधारने को प्राथमिकता देगा। जबकि पाकिस्ता न भारत के नियंत्रण वाले क्षेत्र पर कब्जाा करना चाहता है और आतंकवाद के जरिए किसी भी कीमत पर इसे हासिल करना चाहता है, जोकि पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अमरीका में 11 सितंबर को हुए आतंकी हमले के स्मारक पर भी गया और वैश्विक समुदाय से आतंकवाद के खतरे के खिलाफ एकजुट रहने और पूरी ताकत के साथ खड़े रहने का आह्वान किया। अमरीका के बाद प्रतिनिधिमंडल गुयाना, पनामा, ब्राजील और कोलंबिया भी जायेगा।

बोस जयंती–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान स्वतंत्रता सेनानी श्रद्धेय रास बिहारी बोस जी की जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर श्री बोस के बलिदान और देशभक्ति को नमन करते हुए कहा कि मातृभूमि की स्वतंत्रता की अलख जगाने से लेकर आज़ाद हिंद फौज की स्थापना तक उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन मां भारती के चरणों में अर्पित कर दिया। वे अनंतकाल तक युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्री बोस का योगदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल टी20 क्रिकेट में, गुजरात टाइटंस आज दोपहर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगा। मैच शाम साढे तीन बजे शुरू होगा। यह मैच टाइटंस के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जीत से उन्हें प्वाइंट टेबल में टॉप 2 में स्थान मिलेगा। वहीं, चेन्नई के लिए यह गर्व का विषय है, क्योंकि वर्तमान में वे निचले स्थान पर हैं।

दिन के दूसरे मैच में, सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में रात साढे सात बजे होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल नरसिंहपुर जिले में कृषि उद्योग समागम कार्यक्रम में 115.96 करोड़ रुपये की लागत के 86 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।
- जबलपुर हाईकोर्ट ने एक अहम सुनवाई करते हुए कहा है कि रेप पीड़िता नाबालिग बच्चे को जन्म दे सकती है। हाईकोर्ट ने सरकार को दुष्कर्म से जन्मे बच्चों के लिए भोजन, शिक्षा, सुरक्षा पर पॉलिसी बनाने निर्देश दिए हैं।
- नर्मदापुरम जिले की पिपरिया में मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सागर और वंदे मातरम यूथ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 200 मरीजों की निःशुल्क जांच की।

------------------